# माह का प्रादर्श -मगरोही- एक विवाह स्तम्भ

भोपाल। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, के अंतरंग प्रदर्शनी भवन वीथी संकुल में आज अप्रैल माह का प्रादर्श 'मगरोही- एक विवाह स्तम्भ' प्रादर्श का उद्घाटन भोपाल के अपर कलेक्टर श्री अंकुर मेश्राम एस.ए.एस. द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर गणमान्य नागरिक के साथ संग्रहालय के निदेशक, डॉ. अमिताभ पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अप्रैल माह के प्रादर्श 'मगरोही- का संयोजन श्री राजेश गौतम संग्राहालय एसोसिएट द्वारा किया गया है इस अवसर पर संग्रहालय के निदेशक, डॉ. अमिताभ पाण्डेय ने अंकुर मेश्राम अपर कलेक्टर भोपाल को बुके देकर स्वागत किया और संग्रहालय का प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।



प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रादर्श के बारे में संग्राहालय एशोसिएट श्री राजेश गौतम ने उपस्थित दर्शकों को बताया कि मगरोही गोंड समुदाय में विवाह समारोह के दौरान आंगन में बने मड़वा (विवाह मंडप) के नीचे स्थापित किया जाने वाला एक स्तंभ है। गोंड समुदाय मुख्यत: मध्य भारत के गोंडवाना क्षेत्र में निवासरत एक महत्वपूर्ण समुदाय है जिसकी अपनी एक वृहद् एवं सम्पन्न सांस्कृतिक परंपरा है। मगरोही को विवाह का साक्षी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि विभिन्न अनुष्ठानों के माध्यम से देवी-देवताओं को विवाह का साक्षी बनने के लिए मगरोही में वास करने का अनुरोध किया जाता है एवं इन देवी-देवताओं के आशीर्वाद से नवविवाहित दंपत्ति एक सुखमय दाम्पत्य जीवन का निर्वाह करेंगे। मंडप में मगरोही की स्थापना के बाद इसे गेरू, हल्दी और कुमकुम से रंगा जाता है। यह न केवल सौभाग्य का प्रतीक है बल्कि ग्रामीण काष्ठ शिल्प की एक उत्कृष्ट कृति भी है। इस विवाह स्तंभ को विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों और मानव आकृतियों के रूपांकनों से कलात्मक और आकर्षक बनाया जाता है।

किसी भी संस्कृति के लिए विवाह एक महत्वपूर्ण संस्था है। विवाह के मंडप में मगरोही के माध्यम से समुदाय के समस्त देवी-देवताओं का आमंत्रण सुनिश्चित किया जाता है। मंडप एवं मगरोही निर्माण में समुदाय के बहुत से लोगों का योगदान होता है जिसमें गांव के प्रमुख लोग लगन (एक अनुष्ठानिक सभा) के माध्यम से दोषी (गुनिया/बैगा), सुआसा-सुआसिन, मंडप के लिए निश्चित तिथि, जंगल से लकड़ी और टहनियों के लिए दिशा निर्धारण करते है। साथ ही मंडप झराई (मंडप हटाना) एवं मगरोही विसर्जन के समय गाँव के बहुत से लोगों का सहयोग रहता है जो गाँव के लोगों में सामुदायिकता का प्रतीक है।

# रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी कंपनी बनी अदाणी ग्रीन एनर्जी

**भोपाल।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने 10 हजार मेगावॉट (एमडब्ल्यू) से अधिक ऑपरेशनल पोर्टफोलियो का आंकड़ा पार कर लिया है, जो नेशनल ग्रिड को विश्वसनीय, किफायती और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करता है। एजीईएल के ऑपरेशनल पोर्टफोलियो में 7,393 मेगावॉट सोलर, 1,401 मेगावॉट विंड और 2,140 मेगावॉट विंड-सोलर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। यह माइलस्टोन 2030 तक 45 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर मजबूती से बढ़ रहे एजीईएल और उसके डेवलपमेंट पार्टनर्स का एक प्रमाण है।

एजीईएल का 10 हजार 934 मेगावॉट का ऑपरेशनल पोर्टफोलियो 5.8 मिलियन से अधिक घरों को बिजली देगा और सालाना लगभग 2 करोड़ 10 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोकेगा। एजीईएल इस बात का उदाहरण पेश कर रहा है कि कैसे इनोवेटिव टेक्नोलॉजी, काम पूरा करने की कुशलता, डिजिटलीकरण, मजबूत सप्लाई चेन नेटवर्क और लॉन्ग-टर्म इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग, सभी को मिलाकर टिकाऊ तरीकों के साथ, बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिल सकती है।

## सारेगामा ने पधानिसा के साथ संगीत सीखने के क्षेत्र में मचाई हलचल

**भोपाल।** सारेगामा ने एआई बेस्डआ एक म्यूजिक लर्निंग ऐप पधानिसा लॉन्च किया है। इस ऐप का उद्देश्यं भारतीय गायन को पूरी दुनिया में हर किसी के लिए सीखने में आसान, सरल और सुलभ बनाना है। भारत के सबसे पुराने म्यूएजिक लेबल, सारेगामा ने पधानिसा के साथ अपने क्षेत्र का विस्तार किया है। वे पिछली एक सदी से सुपर-हिट गीत दे रहे हैं और संगीत को आसानी से सीखने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं।

पधानिसा का लक्ष्य उन लोगों के लिए एक पर्सनल सिंगिंग टीचर बनना है, जिन्हें गाना अच्छा तो लगता है लेकिन सही स्त्रोत तक ना पहुंच पाने या जज किए जाने के डर से सीखने के बारे में कभी सोचा नहीं। इस ऐप का सबसे अच्छा फीचर है इसके क्लास की संरचना, जहां हर सत्र को लोगों की व्यक्तिगत जरूरतों और हरेक लर्नर के लक्ष्य के अनुसार अनूठे रूप में तैयार किया गया है।

## एचपी ने पेश किया एआई फीचर्स वाला स्टाइलिश एन्वी एक्स360 14 लैपटॉप

**भोपाल।** एचपी ने भारत में आज अपना स्लीक और स्टाइलिश एन्वी एक्स360 14 लैपटॉप पेश किया। क्रिएटिविटी को आसान बनाने के लिए इस लैपटॉप को एआई फीचर्स से लैस किया गया है। 14 इंच ओएलईडी टच डिस्प्ले के साथ इस लैपटॉप का वजन मात्र 1.4 किलोग्राम है, जिससे इसे काम करने, लिखने, कुछ देखने या खेलने के लिए आसानी से सही पोजिशन में एडजस्ट किया जा सकता है। एन्वी 14 लैपटॉप में एडोब फोटोशॉप जैसे एप्स के साथ हाई-एंड क्रिएशन एक्सपीरियंस देने के लिए इंटेल0 कोरड्ढ अल्ट्रा प्रोसेसर्सलगाए गए हैं। इस लैपटॉप में न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दिया गया है, जिससे 65 प्रतिशत तक बैटरी लाइफ बढ़ती है और लगातार क्रिएटिविटी एवं प्रोडक्टिविटी सुनिश्चित होती है। नया एन्वी एक्स360 14 एचपी का पहला लैपटॉप है, जिसमें कीबोर्ड पर माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट बटन दिया गया है, जिससे असिस्टेड सर्च, कंटेंट जनरेशन एवं अन्य जनरेटिव एआई फीचर्स को इनेबल किया जा सकेगा। एचपी ने मोबिलिटी, वर्सटैलिटी और फ्यूचर रेडिनेस को ध्यान में रखते हुए अपना नया एन्वी एक्स360 14 लैपटॉप पेश किया है। इसमें ऑल एल्युमीनियम चेसिस और एक्स360 हिंज है।

# 48वीं -शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 30 तक

भोपाल। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह %लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा% में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में आज 3 अप्रैल, 2024 से गोंड समुदाय की चित्रकार सुश्री संदीप्ति परस्ते के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 48वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 अप्रैल, 2024 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी। इस प्रदर्शनी में चित्रकार के बनाये 26 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। गोण्ड चित्रकार संदीप्ति परस्ते का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल डिण्डौरी जिले के रसौई ग्राम में वर्ष 1992 में हुआ है। बचपन जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण में गुजरा और खेती-किसानी वाले परिवार में पली-बढ़ी। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी संदीप्ति ने 12वीं तक औपचारिक शिक्षा हासिल की है। गोण्ड चित्रकार द्वारका परस्ते से वर्ष 2011 में आपका विवाह हुआ। जिनके सान्निध्य में रहकर आपने पारंपरिक गोण्ड चित्र-शैली की बारीकियों को सीखा-समझा और समय के साथ धीरे-धीरे अपने अनुभवों के आधार पर अपनी स्वतंत्र शैली विकसित करने की कोशिश की। वर्तमान में आप भोपाल में निवासरत हैं और गोण्ड चित्रांकन में स्वतंत्र रूप से संलग्न हैं। आप पति के चित्रकर्म में सहायता भी करती हैं। आपके पति द्वारका परस्ते ही आपके प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आप भी अपनी कला के जरिये अपने जातीय गौरव के लिए कुछ बेहतर करने के लिए प्रयासरत हैं।



आपने कई जगहों पर एकल एवं संयुक्त चित्रकला प्रदर्शनियों में भाग लिया है और विभिन्न कला संस्थाओं द्वारा सम्मानित भी हैं। आप अपनी सफलता का श्रेय अपने पति द्वारका परस्ते को देती हैं, जिनके प्रारम्भिक मार्गदर्शन ने आपकी कला को सुघड़ बनाया।

## स्कॉर्पियस ट्रैकर्स ने वैश्विक स्तर पर 1000 मेगावाट से अधिक के ऑर्डर का लक्ष्य प्राप्त किया

**भोपाल।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसईः 542851, एनएसईः जेनसोल) की सहयोगी स्कॉर्पियस ट्रैकर्स ने घोषणा की है कि कंपनी ने भारत, जापान, सऊदी अरब और युगांडा में 1000 मेगावाट से अधिक के सोलर पावर ऑर्डर्स को सफलतापूर्वक हासिल किया जो कंपनी के लिए एक मील का पत्थर है। ग्लोबल सोलर ट्रैकिंग इंडस्ट्री में इसके साथ ही स्कॉर्पियस ट्रैकर एक महत्वपूर्ण नाम बन गया है। उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ, स्कॉर्पियस ट्रैकर्स ने खुद को विश्वसनीय और बैंकेबल सिंगल-एक्सिस ट्रैकर्स प्रदान करने वाली एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित किया है। कंपनी की अत्याधुनिक सौर ट्रैकिंग प्रौद्योगिकी में रखरखाव-मुक्त बियरिंग, रियल-टाइम जीपीएस-सक्षम ट्रैकिंग, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा अधिग्रहण (स्काडा) शामिल हैं, जिसने सौर ऊर्जा उत्पादन में दक्षता और निष्पादन के लिए नए मानक स्थापित किए हैं।

# बादाम की अच्छाईयों के साथ मनाएं वर्ल्ड हेल्थ डे

**भोपाल।** जब यह कहा जाता है हेल्थ इज़ वेल्थ तो इससे सेहत के महत्व को प्राथमिकता देने का पता चलता है। दरअसल, यह हमारी सेहत और जीवन की गुणवत्ता को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। हर साल 7 अप्रैल को मनाए जाने वाले वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम, माय हेल्थ, माय राइट है। इसमें बताया गया है कि अपनी सेहत का ख्याल रखना हमारी अपनी जिम्मेदारी और मूल अधिकार है। अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार लेना जरूरी है क्योंकि पोषक तत्वों की अहम भूमिका होती है। इससे यह पता चलता है कि आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हरी पत्तेदार सब्जियां, बादाम और मौसमी फलों को शामिल करना कितना जरूरी है। पौष्टिक बादाम को अपने आहार में शामिल करने से सेहत को काफी लाभ मिलते हैं, जैसे ब्लड शुगर नियंत्रित रहता है दिल की सेहत बनी रहती है और वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है।

## नई सुबह फाउंडेशन ने न्यूरोडायवर्सिटी से जुड़ी 'अद्वैत' प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण की घोषणा की

**भोपाल।** न्यूरोडायवर्स लोगों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित और युवाओं की अगुवाई वाले सामाजिक स्टार्टअप नई सुबह फाउंडेशन ने विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर अपनी दूसरी वार्षिक कला प्रदर्शनी 'अद्वैत' की घोषणा की है। पिछले साल की प्रदर्शनी की जबरदस्त सफलता के बाद 'अद्वैत' न्यूरोडायवर्स कलाकारों की असाधारण प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए दोबारा आपके सामने है। यह प्रदर्शनी 26 अप्रैल से 28 अप्रैल, 2024 तक नई दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव में आर्टसस्त्र गैलरी में लगाई जाएगी।

## सूडोकु नवताल- 7025

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7024 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## काकुरो पहेली - 6704



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 6703 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8091



**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. धार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

### शब्द पहेली -8090 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6522



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरुद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6521



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6631

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | | 4 | 7 | 2 | |
| | 35 | 5 | 31 | | 27 | |
| | 2 | | | 1 | 6 | |
| 1 | 33 | 6 | 32 | | 31 | 2 |
| | 6 | | 1 | 5 | 3 | |
| 4 | 33 | 3 | 30 | | 35 | 6 |
| 7 | | 2 | | | 1 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6630 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 33 | 1 | 25 | 6 | 28 | 2 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 32 | 6 | 35 | 4 | 32 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 33 | 3 | 33 | 7 | 41 | 6 |
| 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 7632

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | स | दौ | जॉ | न | अ | ब्रा | ह | म | ल्ली | क |
| ग | ह | ह | ग | ला | अ | जै | जी | ग | झ | क |
| स | क | रु | म | ह | झ | की | ना | ण | घ | को |
| ल | इ | ल | ख | हैं | प | श्रॉ | ला | र | ला | न |
| मा | श्फ | ल | प | खा | रा | फ | गी | ण | ग | म |
| न | दा | ल | श | सं | न | ही | रं | व | ला | स |
| वि | वे | क | ओ | बे | रॉ | य | दे | या | ज | न्नी |
| अ | मि | ता | भ | ला | गु | य | रा | य | प | दे |
| ऋ | र | ल | प | व | ज | ना | ल | ओ | के | ओ |
| क | ति | ल | प | अ | या | दि | व्य | व | स | ल |
| ज | जं | क | प | ख | सं | ज | य | द | त्त | म |

शब्द जाल में 10 अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

शाहरुख खान, सलमान, ऋतिक, विवेक ओबेरॉय, सन्नी देओल, जॉन अब्राहम, अजय देवगन, अमिताभ, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ

### शब्दजाल - 7631 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore